**2020**
**CLASS- IX**
**HINDI**

Total marks : 80 Time : 3 hours

**General instructions:**

*i)* *Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*
*ii)* *The question paper consists of 15 questions. All questions are compulsory.*
*iii)* *Internal choice has been provided in some questions.*
*iv)* *Marks allocated to every question are indicated against it.*

***N.B.: Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

**SECTION – A (अपठित बोध)**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

मित्रता अनमोल धन है | इसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती | बाईबल में कहा गया है कि एक सच्चा मित्र विश्व की सर्वश्रेष्ठ दवा है | मैत्री की महिमा बहुत बड़ी है | सच्चा मित्र सुख और दुःख में समान भाव से मैत्री निभाता है | जो केवल सुख में साथ होता है , उसे सच्चा मित्र नहीं कहा जा सकता | साथ – साथ खाना – पीना , सैर , पिकनिक का आनंद लेना सच्ची मित्रता का लक्षण नहीं है | हम दो – चार मिनटों की बातचीत से प्रभावित हो कर किसी को भी मित्र मान लेते हैं | रेल में साथ बैठे यात्री भी मित्र बन जाते हैं | लेकिन यह सच्ची मित्रता नहीं है | सच्चा मित्र तो दीर्घकाल के अनुभव से ही बनता है |

सच्ची मित्रता एक पहचान है , और वह है विचारों की एकता | मित्रता जीवन का सर्व श्रेष्ठ अनुभव है |

(a) किसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती ? **1**
(b) बाईबल में क्या कहा गया है ? **1**
(c) समान भाव से मित्रता कौन निभाता है ? **1**
(d) सच्ची मित्रता के लक्षण क्या नहीं है ? **1**
(e) सच्ची मित्रता की पहचान क्या है ? **1**
(f) जीवन का सर्वश्रेष्ठ अनुभव क्या है ? **1**
(g) सच्चा मित्र किसके अनुभव से बनता है ? **1**
(h) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए | **1**
(i) ‘ मित्रता ’ शब्द में प्रत्यय अलग कीजिए | **1**
(j) ‘ मित्र ’ का पर्यायवाची शब्द लिखिए | **1**

**SECTION – B (लेखन)**

2. **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न के उत्तर को 100 -150 शब्दों में लिखिए : -**

**a.** आपने अपनी छुट्टी किसी मित्र के घर जाकर बिताई है | वहाँ से लौटने के बाद आप उस मित्र के माता – पिता को एक पत्र लिखकर उनके द्वारा किये गए आदर – सत्कार के लिए आभार व्यक्त कीजिए |

**अथवा** **6**

**b.** **दिए हुए संकेत बिंदुओं के आधार पर कहानी लिखिए :**

एक बार सूर्य और चाँद में झगडा ............ दोनों में कौन अधिक ताकतवर ...........अपने

ताकत की परीक्षा ................एक यात्री का कोट कौन उतरवा सकता है ............. पहले तेज हवा ............ फिर तेज गर्मी .................. अंत में सूर्य की जीत |

3. **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न के उत्तर को 50 शब्दों में लिखिए : -**

**a.** आपको अपनी पुरानी कार बेचनी है | उस कार से संबंधित पूरी जानकारी के साथ एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

**अथवा** **4**

**b.** आप कमल / कमला है | आपको किसी पार्क में एक थैला मिला है , जिसमे कुछ महत्वपूर्ण कागज़ के साथ कुछ पैसा भी है | उस पार्क के नोटिस बोर्ड के लिए एक सुचना तैयार करें, जिसमे संबंधित आदमी से अपना सामान लेने के लिए कहें |

## SECTION – C (व्याकरण)

4. **निम्नलिखित विकल्पों मे से सही उत्तर चुनकर लिखें !**

(a) संज्ञा के कितने भेद होते हैं ? **1**

(i) एक (ii) दो
(iii) तीन (iv) चार

(b) विशेषण के भेद हैं - **1**

(i) तीन (ii) चार
(iii) पाँच (iv) छः

(c) क्रिया के कितने भेद होते हैं ? **1**

(i) एक (ii) दो
(iii) तीन (iv) चार

(d) ‘ क्या ’ कौन सा सर्वनाम है ? **1**

(i) पुरूषवाचक (ii) निश्चयवाचक
(iii) अनिश्चयवाचक (iv) प्रश्नवाचक

(e) ‘ मोहन’ सुबह टहलता है |’ कौन सी क्रिया – विशेषण का उदाहरण है ? **1**

(i) अस्थानवाचक (ii) कालवाचक
(iii) रीतिवाचक (iv) परिणाम वाचक

5. **नीचे लिखे शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : -**

(a) दुःख **1**
(b) जलद **1**

6. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :-**

(a) हम आपसे कहता हूँ | **1**
(b) मेरे को अभी बाजार जाना है | **1**

7. **अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखिए :-**

(a) जानने का इक्षुक | **1**
(b) जिसके समान दूसरा न हो | **1**
(c) जो किसी के पक्ष में न हो | **1**

8. **निम्नलिखित मुहावरे और लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :-**

(a) लाल – पीला होना | 1

(b) हौसला पस्त होना | 1

(c) लाज रखना | 1

9. **निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी मे अनुवाद कीजिए :-**

(a) There are four weeks in a month. 1

(b) Do you study everyday ? 1

(c) The vehicle arrived late. 1

(d) Love never gives up. 1

(e) I did it! 1

## SECTION – D (साहित्य)

10. **निम्नलिखित विकल्पों मे से सही उत्तर चुनकर लिखें !**

(a) पुलिए के खेतों के फसल को कौन नुकसान कर रहा था ? 1

(i) चोर (ii) पुलिश

(iii) विषधर साँप (iv) जंगली हाथी

(b) बोद्ध धर्म में सम्यक व्यायाम के कितने अंग कहे गए हैं - 1

(i) चार (ii) तीन

(iii) दो (iv) एक

(c) सेठ बनारसीदास कहाँ के प्रसिद्ध व्यक्ति हैं ? 1

(i) दिल्ली (ii) काशी

(iii) बनारस (iv) जयपुर

(d) साधू का स्वभाव कैसा होना चाहिए ? 1

(i) सूप की तरह (ii) जल की तरह

(iii) वृक्ष की तरह (iv) मनुष्य की तरह

(e) पक्षी और बादल को किसके समान बताया गया है ? 1

(i) आदमी (ii) डाकिये

(iii) गाडी (iv) वृक्ष

11. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए :-**

(a) लेखक ने वृक्ष और मानव जीवन में क्या समानताएँ बताई है ? 2

(b) परिवार के लोगों ने निराश होकर क्या किया ? 2

(c) अन्धी बच्चे का लालन – पालन किस प्रकार करती थी ? 2

(d) मनुष्य की तीन भिन्न – भिन्न प्रकृतियाँ क्या होती है ? 2

(e) बिना बुलाये राजा के दरबार में प्रवेश करने वालों को क्या दण्ड दिया जाता था ? 2

(f) भगवान् के डाकिये कविता में कवि ने क्या व्यक्त किया है ? 2

12. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए :-**

(a) नागालैंड के प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन कीजिए ?

**अथवा** 4

प्रत्येक व्यक्ति के अपने सुधार से समाज का निर्माण आसान हो जाता है | कैसे ?

(b) संसार की तुलना कबीर ने किससे और क्यों की है ? 4

13. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर 60-90 शब्दों में लिखिए :-**

निम्नलिखित पद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

आज चाँद ने खुश – खुश झाँका
काल कोठरी के जंगले से
गोया मुझसे पूछा हँसकर
कैसे बैठे हो पगले से ?
कैसे ? बैठा हूँ मै ऐसे
कि मै बंद हूँ गगन – विहारी
पागल सा हूँ ? तो फिर ? यह तो
कह हारी दुनिया बेचारी
मियाँ चाँद , गर मै पागल हूँ
तो तू है पगलों का राजा ,
मेरी तेरी खूब छनेगी
आ जंगले के भीतर आ जा |

(i) चाँद खुश होकर कहाँ से झाँका ? **1**
(ii) कवि निराश होकर कहाँ बैठा था ? **1**
(iii) कविता में गगन – विहारी किसे कहा गया है ? **1**
(iv) दुनिया किसे पागल कह रही है ? **1**
(v) कवि किसे पागल कह रहा है ? **1**

14. **निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**a.** हम जिस तरह भोजन करते हैं , गाछ – बिरछ भी उसी तरह भोजन करते हैं | हमारे दांत हैं , कठोर चीज खा सकते हैं | नन्हे बच्चों के दांत नहीं होते , वे केवल दूध पी सकते हैं | गाछ – बिरछ के भी दांत नहीं होते , इसलिए वे केवल तरल द्रव्य या वायु से भोजन ग्रहण करते हैं | गाछ – बिरछ जड़ के द्वारा माटी से रस – पान करते हैं | चीनी में पानी डालने पर चीनी गल जाती है | माटी में पानी डालने पर उसके भीतर बहुत से द्रव्य गल जाते हैं | गाछ – बिरछ वे ही तमाम द्रव्य सोखते हैं | जड़ों को पानी न मिलने पर पेड़ का भोजन बंद हो जाता है , पेड़ मर जाता है |

(i) बच्चे क्या पी सकते हैं ? **1**
(ii) गाछ – बिरछ अपना भोजन कैसे ग्रहण करते हैं ? **1**
(iii) गाछ – बिरछ माटी से रस – पान कैसे करते हैं ? **1**
(iv) जड़ों को पानी न मिलने पर क्या होता है ? **1**
(v) चीनी में पानी डालने पर क्या होता है ? **1**

**अथवा**

**b.** श्री श्रहोजेलिए अंगामी जी का जीवन परिचय लिखिए | (5)

15. **निम्नलिखित पद खण्ड की संदर्भ सहित सप्रसंग व्याख्या कीजिए : -**

**a.** तुलसी पावस के समय धरी कोकिलन मौन |
अब तो दादुर बोलिहैं , हमें पूछिहैं कौन ||

**अथवा** **5**

**b.** जब छम – छम बूंदे गिरती है
बिजली चम – चम कर जाती है |
मैदानों में , वन - बागों में ,
जब हरियाली लहराती है |
जब ठण्डी – ठण्डी हवा कहीं से
मस्ती ढोकर लाती है |
हे जग के सिरजनहार प्रभो
तब याद तुम्हारी आती है ||

*************************